बीमा सखी योजना

[स्रोत: पी.आई.बी.](#)

हाल ही में प्रधानमंत्री ने महिला सशक्तीकरण और **वित्तीय समावेशन** के लिये अपनी प्रतिबद्धता के अनुरूप भारतीय जीवन बीमा निगम (Life Insurance Corporation- LIC) की **'बीमा सखी योजना'** की शुरुआत की।

- LIC की **बीमा सखी विशेष रूप से महिलाओं हेतु वजीफा आधारित कार्यक्रम है** , जो तीन वर्ष की अवधि के लिये विशेष प्रशिक्षण और वित्तीय सहायता प्रदान करता है।
- **पात्रता:** भारतीय जीवन बीमा निगम (LIC) की **'बीमा सखी योजना'** पहल 18-70 वर्ष की आयु की उन महिलाओं को सशक्त बनाने के लिये बनाई गई है, जिन्होंने 10वीं कक्षा उत्तीर्ण की है हैं।
- **प्रत्येक बीमा सखी को पहले वर्ष 7,000 रुपए**, **दूसरे वर्ष 6,000 रुपए** तथा **तीसरे वर्ष 5,000 रुपए** मासिक वजीफा मिलेगा।
  - इसके अतिरिक्त महिला एजेंट अपनी बीमा पॉलिसियों के आधार पर कमीशन भी अर्जित कर सकती हैं।
- **प्रशिक्षण के बाद वे LIC एजेंट के रूप में काम कर सकती हैं और स्नातक बीमा सखियों को LIC में विकास अधिकारी की भूमिका** के लिये अर्हता प्राप्त करने का अवसर मिलेगा।

और पढ़ें: [बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ योजना](#)

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/bima-sakhi-yojana